11. BMC युक्त दुग्ध समितियों से परिवहन हेतु लगाये जाने वाले 7000 कि.ग्रा से अधिक क्षमता वाले सिंगल चैम्बर टैंकरों की आनुपातिक दर (प्रोरेटा), 7000 कि.ग्रा हेतु प्राप्त दर के आधार पर निकाली जाएगी। टैंकरों की क्षमता आर.टी.ओ द्वारा रोड पर संचालन हेतु निर्धारित की गई हो। परिवहनकर्ता को तदानुसार ही टैंकरों की क्षमता रखना आवश्यक होगा। टैंकर एक ही कम्पार्टमेंन्ट का होना अनिवार्य होगा।
12. निविदाकार को निर्धारित निविदा प्रपत्र में दर प्रस्तुत करना होगी इस हेतु निविदा प्रपत्र रू 1000/– ऑनलाइन भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।
13. न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदाकार द्वारा संघ द्वारा वांछित टैंकर्स उपलब्ध न कराने की दशा में प्राप्त न्यूनतम दर को आधार मानते हुये अन्य समस्त निविदाकारों से निगोशियेशन किया जा सकता है।
14. निविदा स्वीकृति करने के पश्चात् टैंकर संचालन अनिवार्य रहेगा अन्यथा की दशा में प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।
15. निविदा में प्रस्तुत जानकारी किसी भी समय गलत पायी जाने पर प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।
16. सभी निविदायें गुण दोष के आधार पर या कोई भी निविदा बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का संपूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
17. एक ही मार्ग के लिये दो निविदाओं की समान दरें प्राप्त होने पर आर.टी.ओ. की नवीनतम पंजीयन तिथि वाले निविदाकार को प्राथमिकता दी जायेगी। उसके बाद भी उक्त स्थिति में भी समानता होने पर अधिक अनुभवी टैंकर निविदाकार को प्राथमिकता दी जायेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

